Number of Pages in Booklet: 12
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 12
Number of Questions is Booklet :100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

030390

URATPG - 2021

HINDI

Subject Code / विषय कोड – 015

Roll No. of Candidate / अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ....

OMR Serial Number / ओ. एम. आर. क्रमांक : ....

Signature of Candidate / अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ....

Date of Examination / परीक्षा तिथि : ....

Signature of Invigilator / वीक्षक के हस्ताक्षर : ....

Time/समय : Two Hours/ दो घण्टे **Maximum Marks/पूर्णांक : 100**

INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. The questions from serial no. 01 to serial no.100 are subject specific in the booklet.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR sheets using **BLUE / BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any prohibited material is found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be considered correct.

निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमश : (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ. एम. आर. शीट पर **नीले / काले बॉल प्वाइंट पेन** से भरना हैं।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं हैं।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमनानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ. एम. आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ. एम. आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्नों के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जायेगा।

SPACE FOR ROUGH WORK/ रफ कार्य के लिए जगह

रफ कार्य

1. पृथ्वीराजरासो के रचनाकार हैं –
(अ) नरपति नाल्ह
(ब) अमीर खुसरो
(स) चन्द्रबरदाई
(द) दलपति विजय

2. "पदावली" किस कवि की कृति है?
(अ) जगनिक
(ब) शार्ङ्गधर
(स) विद्यापति
(द) अमीर खुसरो

3. "ढोला मारू रा दोहा" किस प्रकार का काव्य है?
(अ) वीर काव्य
(ब) युद्ध काव्य
(स) प्रेम काव्य
(द) इनमें से कोई नहीं

4. 'पहेलियाँ और मुकरिया' की रचना किस कवि ने की है?
(अ) विद्यापति
(ब) अमीर खुसरो
(स) जगनिक
(द) केदार भट्ट

5. नरपति नाल्ह ने निम्नलिखित में से किसकी रचना की है?
(अ) खुमाण रासो
(ब) बीसलदेव रासो
(स) पृथ्वीराज रासो
(द) हम्मीर रासो

6. विद्यापति का सम्पादन निम्नलिखित में से किसने किया है?
(अ) शिव प्रसाद सिंह
(ब) रामचन्द्र शुक्ल
(स) बच्चन सिंह
(द) राम स्वरूप चतुर्वेदी

7. नाथों की संख्या कितनी मानी गई है?
(अ) नौ (ब) दस
(स) बारह (द) पन्द्रह

8. "ढोला मारू रा दोहा" मूलतः किस छंद में रचित था?
(अ) दोहा
(ब) चौपाई
(स) कवित्त
(द) सवैया

9. कबीरदास के गुरू का क्या नाम था?
(अ) वल्लभाचार्य
(ब) निम्बार्काचार्य
(स) रामानुजाचार्य
(द) रामानंद

10. कबीर ने किस प्रसिद्ध सूफी मुसलमान से दीक्षा ली थी?
(अ) निजामुद्दीन औलिया
(ब) कुतुबन
(स) उसमान
(द) शेखतकी

11. 'बीजक' किस कवि की वाणी का संग्रह है?
(अ) रसखान
(ब) मीरा
(स) कबीर
(द) रहीम

12. किस कवि की वाणी को पंचमेल खिचड़ी या सधुक्कड़ी कहा गया है?

(अ) सूरदास

(ब) नंददास

(स) कबीर

(द) नरोत्तमदास

13. कबीर ने अपना शरीर त्याग कहाँ किया था?

(अ) लमही

(ब) अगोना

(स) मगहर

(द) सिमरिया

14. सूरदास के गुरू कौन थे?

(अ) रामानंद

(ब) वल्लभाचार्य

(स) रामानुजाचार्य

(द) निम्बार्काचार्य

15. 'साहित्य लहरी' किसकी कृति है?

(अ) नंद दास

(ब) सूरदास

(स) परमानंद दास

(द) चतुर्भुज दास

16. सूरदास की भक्ति किस भाव की है?

(अ) सख्यभाव

(ब) दास्यभाव

(स) ओजभाव

(द) माधुर्य भाव

17. 'अष्टछाप' में कुल कितने कवियों की गणना है?

(अ) 08 (ब) 10

(स) 12 (द) 16

18. ''हमारे हरि हारिल की लकरी'' काव्य पंक्ति किस कवि की है?

(अ) सूरदास

(ब) नंद दास

(स) मीराँ

(द) कबीरदास

19. तुलसीदास का जन्म (रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार) कहाँ माना गया है?

(अ) अगोना

(ब) बाबई

(स) वाराणसी

(द) राजापुर

20. तुलसीदास के शिक्षा गुरू कौन थे? जिनसे वेद, वेदांग, दर्शन, इतिहास, पुराण आदि में शिक्षा ग्रहण किया था –

(अ) रामानंद

(ब) रामनुजाचार्य

(स) निम्बार्काचार्य

(द) शेष सनातन जी

21. तुलसीदास की भक्ति भावना किस भाव की है?

(अ) सख्यभाव

(ब) माधुर्य भाव

(स) दास्यभाव

(द) उपर्युक्त सभी

22. 'कृष्णगीतावली' किस कवि की कृति है?

(अ) सूरदास

(ब) नंद दास

(स) तुलसीदास

(द) मीरॉबाई

23. 'वैराग्य संदीपनी' के रचयिता कौन हैं?

(अ) रहीमदास

(ब) रसखान

(स) तुलसीदास

(द) सूरदास

24. 'रामचरित मानस को छोड़कर कलिकाल का वर्णन तुलसीदास की किस कृति में हुआ है?

(अ) विनय पत्रिका

(ब) कवितावली

(स) दोहावली

(द) बरवैरामायण

25. रामचरित मानस में कितने संवाद युग्म माने गए हैं?

(अ) 03 (ब) 04

(स) 06 (द) 08

26. 'आखिरी कलाम' किस कवि की कृति है

(अ) जायसी

(ब) कुतुबन

(स) मंझन

(द) नूर मुहम्मद

27. पद्मावत में किस भाषा का प्रयोग किया गया है?

(अ) अवधी

(ब) ब्रजभाषा

(स) खड़ीबोली

(द) फारसी

28. पद्मावत में किस छंद का प्रयोग किया गया है?

(अ) चौपाई–दोहा

(ब) दोहा

(स) कवित्त

(द) सवैया

29. 'गीतगोविन्द टीका' किसकी रचना है?

(अ) रसखान

(ब) सूरदास

(स) नंद दास

(द) मीरॉंबाई

30. ''बसो मेरे नैनन में नंद लाल'' किसकी काव्य पंक्ति है?

(अ) सूरदास

(ब) परमानंददास

(स) नंद दास

(द) मीरॉंबाई

31. मीरॉं की उपासना किस भाव की थी?

(अ) माधुर्य भाव

(ब) ओजभाव

(स) निर्वेद भाव

(द) उपर्युक्त सभी

32. ''प्रेम वाटिका'' किस कवि की कृति है

(अ) रसखान

(ब) सूरदास

(स) मीरॉं बाई

(द) नरोत्तम दास

33. ''या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहूँ पुर को तजि डारौं'' काव्य पंक्तियाँ किस कवि की है?

(अ) रसखान

(ब) पद्‌माकर

(स) भिखारीदास

(द) रहीम

34. निम्नलिखित में से एक रचना केशवदास की नहीं है?

(अ) कविप्रिया

(ब) विनयपत्रिका

(स) रसिक प्रिया

(द) जहाँगीरजसचन्द्रिका

35. आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने रीतिकाल को किस नाम से अभिहित (नामकरण) किया है?

(अ) अलंकृत काल

(ब) शृंगारकाल

(स) कला काल

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

36. रीतिकाल को प्रमुखतः कितने भागों में बाँटा गया है?

(अ) 03 (ब) 06

(स) 09 (द) 12

37. रीतिकाल को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

(अ) उत्तर मध्यकाल

(ब) पूर्व मध्यकाल

(स) पूर्वोत्तर मध्यकाल

(द) पश्चिमोत्तर मध्यकाल

38. 'वीर सिंह देव चरित' किसकी कृति है

(अ) केशवदास

(ब) देव

(स) पद्‌माकर

(द) आलम

39. बिहारी ने अपनी रचना किस छन्द में की है?

(अ) चौपाई (ब) कवित्त

(स) सवैया (द) दोहा

40. किस कवि ने दोहे से छोटे छंद में अनेक भावों को भरकर 'गागर में सागर' भरने का कार्य किया है?

(अ) देव (ब) पद्‌माकर

(स) भूषण (द) बिहारी

41. ''मेरी भव बाधा हरौ राधा नागरि सोइ'' काव्य पंक्तियाँ किस कवि की है

(अ) पद्‌माकर (ब) देव

(स) बिहारी (द) लालकवि

42. निम्नलिखित में से एक रचना देव की नहीं है?

(अ) भाव विलास

(ब) भवानी विलास

(स) काव्य सरोज्

(द) रस विलास

43. 'काव्य रसायन' या 'शब्द रसायन' किस कवि की रचना है?

(अ) घनानंद (ब) पद्‌माकर

(स) देव (द) आलम

44. निम्नलिखित में से किस कवि को वीररस का प्रसिद्ध कवि कहा गया है?

(अ) देव (ब) भूषण

(स) मतिराम (द) आलम

45. ''साजि चतुरंग–सैन अंग में उमंग धारि सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत हैं'' काव्य पंक्ति किस कवि की है?

(अ) घनानंद (ब) भूषण

(स) पद्‌माकर (द) देव

46. धनानंद की प्रेयसी (प्रेमिका) का नाम है –

(अ) सुजान (ब) सुभान

(स) शेख (द) रसलीन

47. 'आल्मकेलि' किस कवि की रचना है?

(अ) आलम (ब) धनानंद

(स) ठाकुर (द) बोधा

48. निम्नलिखित में से एक रचना पद्माकर की नहीं है–

(अ) शिवा बावनी

(ब) जगद्विनोद

(स) हिम्मत बहादुर विरदावली

(द) पद्माभरण

49. जगद्विनोद किस प्रकार का ग्रन्थ है

(अ) रीति ग्रन्थ

(ब) अलंकार ग्रन्थ

(स) वक्रोक्ति ग्रन्थ

(द) शृंगार रस ग्रन्थ

50. "कवित्तरत्नाकर" किस कवि की कृति है?

(अ) देव

(ब) पद्माकर

(स) भिखारीदास

(द) सेनापति

51. 'प्रेम माधुरी' किस कवि की रचना है?

(अ) प्रतापनारायण मिश्र

(ब) ठाकुर जगमोहन सिंह

(स) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(द) अम्बिका दत्त व्यास

52. "निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति कै मूल" किसकी काव्य पंक्ति है?

(अ) जगन्नाथदास रत्नाकर

(ब) सत्य नारायण कविरत्न

(स) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(द) श्रीधर पाठक

53. निम्नलिखित में से एक रचना श्रीधर पाठक की नहीं हैं

(अ) कश्मीर सुषमा

(ब) मनोविनोद

(स) पथिक

(द) एकान्तवासी योगी

54. 'प्रिय प्रवास' में किसकी कथा हैं?

(अ) श्री राम की

(ब) श्री कृष्ण की

(स) श्री लक्ष्णम की

(द) अर्जुन की

55. निम्नलिखित में से कौन सी रचना हरिऔध की नहीं है?

(अ) चोखे चौपदे

(ब) गुनवंत हेमंत

(स) चुभते चौपदे

(द) रसकलश

56. मैथिली शरण गुप्त का जन्म कहाँ हुआ था?

(अ) चिरगाँव (झांसी)

(ब) अगोना (बस्ती)

(स) बाबई (होशंगाबाद)

(द) लमही (वाराणसी)

57. साकेत में कुल कितने सर्ग हैं

(अ) 12 (ब) 15

(स) 18 (द) 20

58. द्विवेदी युग में किस कवि को 'राष्ट्रकवि' कहा जाता है?

(अ) मैथिलीशरण गुप्त

(ब) श्रीधर पाठक

(स) अयोध्या सिंह उपाध्याय ''हरिऔध''

(द) राम नरेश त्रिपाठी

59. कामायनी में कुल कितने सर्ग हैं?

(अ) 08 (ब) 10

(स) 12 (द) 15

60. ''हम कौन थे, क्या हो गये, और क्या होंगे अभी'' काव्य पंक्तियाँ किस कवि की है?

(अ) जयशंकर प्रसाद

(ब) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(स) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

(द) मैथिलीशरण गुप्त

61. 'आँसू' किस कवि की रचना है?

(अ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(ब) सुमित्रानंदन पंत

(स) जय शंकर प्रसाद

(द) महादेवी वर्मा

62. ''मौन निमंत्रण'' कविता किसने लिखी है?

(अ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(ब) जयशंकर प्रसाद

(स) सुमित्रानंदन पंत

(द) महादेवी वर्मा

63. 'चिदम्बरा' किस कवि का काव्य संकलन है जिस पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ है –

(अ) जयशंकर प्रसाद

(ब) महादेवी वर्मा

(स) सुमित्रानंदन पंत

(द) राम कुमार वर्मा

64. 'पल्लव' और 'वीणा' किस कवि की कृति है?

(अ) जयशंकर प्रसाद

(ब) सुमित्रानंदन पंत

(स) बाल कृष्ण शर्मा नवीन

(द) सुभद्रा कुमारी चौहान

65. 'सरोज स्मृति' एवं 'राम की शक्ति पूजा' किस कवि की कविता है?

(अ) जयशंकर प्रसाद

(ब) सूर्य कांत त्रिपाठी निराला

(स) महादेवी वर्मा

(द) हरिवंश राय बच्चन

66. निम्नलिखित में से कौन सी कविता अज्ञेय की नहीं है?

(अ) प्रथम रश्मि

(ब) बावरा अहेरी

(स) भीतर जागा दाता

(द) यह दीप अकेला

67. अज्ञेय की कौन सी रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(अ) कितनी नावों में कितनी बार

(ब) बावरा अहेरी

(स) हरी घास पर क्षण भर

(द) आँगन के पार द्वार

68. चाँद का मुँह टेढ़ा है'' किस कवि का काव्य संकलन है?

(अ) मुक्ति बोध

(ब) अज्ञेय

(स) रघुवीर सहाय

(द) धर्मवीर भारती

69. निम्नलिखित में से कौन सी कविता मुक्तिबोध की नहीं है?

(अ) अँधेरे में

(ब) ब्रह्मराक्षस

(स) भूल गलती

(द) असाध्यवीणा

70. ''संसद से सड़क तक'' किस कवि की रचना है?

(अ) राज कमल चौधरी

(ब) श्रीकांत वर्मा

(स) जगदीश गुप्त

(द) सुदामा पाण्डेय ''धूमिल''

71. निम्नलिखित में से कौन सा काव्य संग्रह धूमिल का नहीं है?

(अ) कल सुनना मुझे

(ब) सुदामा पाण्डेय का प्रजातन्त्र

(स) मगध

(द) संसद से सड़क तक

72. निम्नलिखित में से कौन से कवि गज़ल लिखने के लिए जाने जाते हैं?

(अ) जगदीश गुप्त

(ब) श्रीकांत वर्मा

(स) दुष्यन्त कुमार

(द) रघुवीर सहाय

73. ''साये में धूप'' किस कवि की रचना है

(अ) अज्ञेय

(ब) मुक्ति बोध

(स) दुष्यन्त कुमार

(द) धर्मवीर भारती

74. निम्नलिखित में से कौन सा कवि राष्ट्रीय काव्य धारा का नहीं है

(अ) रामधारी सिंह दिनकर

(ब) अज्ञेय

(स) माखन लाल चतुर्वेदी

(द) रामेश्वर शुक्ल 'अंचल'

75. उर्वशी किस कवि की रचना है

(अ) नागार्जुन

(ब) रामधारी सिंह ''दिनकर''

(स) माखन लाल चतुर्वेदी

(द) सुभद्रा कुमारी चौहान

76. प्रगतिवाद का प्रारम्भ कब से माना जाता है?

(अ) 1936 ई. (ब) 1943 ई.

(स) 1951 ई. (द) 1959 ई.

77. निम्नलिखित में से कौन सा कवि प्रगतिवाद का नहीं माना जाता है?

(अ) अज्ञेय

(ब) नागार्जुन

(स) केदारनाथ अग्रवाल

(द) त्रिलोचन शास्त्री

78. 'तार सप्तक' का संपादन किसने किया है?

(अ) अज्ञेय

(ब) मुक्तिबोध

(स) गिरिजा कुमार माथुर

(द) प्रभाकर माचवे

79. शमशेर बहादुर सिंह किस सप्तक के कवि हैं?

(अ) किसी सप्तक के नहीं

(ब) चौथा सप्तक

(स) तीसरा सप्तक

(द) दूसरा सप्तक

80. केदार नाथ सिंह किस काव्यधारा के कवि हैं?

(अ) राष्ट्रीय काव्यधारा

(ब) छायावादी काव्यधारा

(स) प्रगतिवादी काव्यधारा

(द) प्रयोगवाद और नयी कविता काव्यधारा

81. ''उसने कहा था'' कहानी किसने लिखी है?

(अ) सुदर्शन

(ब) प्रेमचन्द

(स) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(द) जैनेन्द्र कुमार

82. ''नमक का दारोगा'' कहानी के लेखक कौन है?

(अ) जैनेन्द्र कुमार

(ब) यशपाल

(स) प्रेमचन्द

(द) मोहन राकेश

83. निम्नलिखित में से कौन सी कहानी जैनेन्द्र कुमार ने लिखी है?

(अ) दुलाईवाली

(ब) मिठाईवाला

(स) पाजेब

(द) टोकरी भर मिट्टी

84. 'मलबे का मालिक' कहानी के लेखक हैं–

(अ) मन्नू भंडारी

(ब) मोहन राकेश

(स) उषा प्रियम्बदा

(द) रांगेय राघव

85. निम्नलिखित में से कौन सी कहानी जयशंकर प्रसाद ने लिखी है –

(अ) कफ़न (ब) मधुवा

(स) हार की जीत (द) परदा

86. ''ठिठुरता हुआ गणतन्त्र'' व्यंग्य रचना के लेखक कौन हैं?

(अ) हरिशंकर परसाई

(ब) शरद जोशी

(स) श्रीलाल शुक्ल

(द) बरसाने लाल चतुर्वेदी

87. ''ठेले पर हिमालय'' यात्रा वृतान्त किसने लिखा है?

(अ) धर्मवीर भारती

(ब) अज्ञेय

(स) निर्मल वर्मा

(द) रामवृक्ष बेनीपुरी

88. 'वापसी' कहानी के लेखक कौन है?

(अ) उषा प्रियम्बदा

(ब) मन्नू भंडारी

(स) मेहरुन्निशा परवेज

(द) मालती जोशी

89. 'निर्मला' उपन्यास के लेखक कौन है?

(अ) यशपाल (ब) जैनेन्द्र कुमार

(स) अमृत लाल नागर (द) प्रेमचन्द

90. 'झूठा सच' उपन्यास किसने लिखा है – ?

(अ) जैनेन्द्र कुमार

(ब) जयशंकर प्रसाद

(स) अज्ञेय

(द) यशपाल

91. "शेखर एक जीवनी" उपन्यास के लेखक कौन है?

(अ) यशपाल

(ब) जैनेन्द्र कुमार

(स) अज्ञेय

(द) श्रीलाल शुक्ल

92. "मैला आँचल" आंचलिक उपन्यास किसने लिखा है?

(अ) विवेकी राय

(ब) कुबेरनाथ राय

(स) फणीश्वरनाथ रेणु

(द) राम नारायण उपाध्याय

93. निम्नलिखित में से कौन सा उपन्यास हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखा है?

(अ) त्याग पत्र

(ब) झूठा सच

(स) बाण भट्ट की आत्मकथा

(द) राग दरबारी

94. "चिन्तामणि" किस लेखक का निबंध संग्रह है?

(अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ब) राम चन्द्र शुक्ल

(स) विद्या निवास मिश्र

(द) नंददुलारे वाजपेयी

95. "साहित्य जन समूह के हृदय का विकास है" निबंध के लेखक कौन हैं?

(अ) राम विलास शर्मा

(ब) बाल कृष्ण भट्ट

(स) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(द) कुबेर नाथ राय

96. "मेरे राम का मुकुट भीग रहा है" निबंध के लेखक हैं –

(अ) विद्या निवास मिश्र

(ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(स) कुबेरनाथ राय

(द) विवेकी राय

97. निम्नलिखित में से कौन सा अलंकार शब्दालंकार है?

(अ) यमक

(ब) उपमा

(स) रूपक

(द) उत्प्रेक्षा

98. दोहा किस छन्द का भेद है?

(अ) मात्रिक

(ब) वर्णिक

(स) मात्रिक – वार्णिक

(द) इनमें से कोई नहीं

99. "शब्दशक्ति" के मुख्यतः कितने भेद है?

(अ) 08 (ब) 06

(स) 04 (द) 03

100. गुण की संख्या मुख्यतः कितनी मानी गई है?

(अ) 08 (ब) 06

(स) 04 (द) 03

SPACE FOR ROUGH WORK/ रफ कार्य के लिए जगह

रफ कार्य